बाल सुरक्षा एवं दुर्व्यवहार

City of GLEN EIRA
GLEN EIRA CITY COUNCIL

यह तथ्य पत्रक **Glen Eira** समुदाय के सदस्यों के लिए तैयार किया गया है ताकि बाल दुर्व्यवहार की पहचान की जा सके, उसके लिए समर्थन की मांग की जा सके और उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सके।

बच्चों और युवाओं के अधिकार

वयस्कों के समान ही, बच्चों और युवा लोगों के अधिकार होते हैं। अपनी अतिसंवेदनशीलता के कारण, बच्चों और युवा लोगों के भी अधिकार होते हैं जैसे कि शोषण व दुर्व्यवहार से सुरक्षा और उनको प्रभावित करने वाले फैसलों में अपना मत प्रकट करना।

बच्चा या युवा व्यक्ति वह व्यक्ति होता है जिसकी आयु 18 साल से कम होती है।

बाल दुर्व्यवहार क्या है?

बच्चों और युवा लोगों के साथ होने वाला दुर्व्यवहार कई प्रकार का हो सकता है और यह भिन्न-भिन्न प्रकार के परिवेशों में हो सकता है।

बाल दुर्व्यवहार से बच्चों और युवा लोगों पर व्यापक प्रकार के प्रतिकूल परिणाम पड़ सकते हैं जिससे आगे चलकर वयस्कता में इसका उनपर प्रभाव पड़ना जारी रह सकता है। बाल दुर्व्यवहार के प्रकारों में शामिल हैं:

- शारीरिक हिंसा – किसी बच्चे/व्यक्ति के विरुद्ध, साथ या उनकी उपस्थिति में;
- यौन दुर्व्यवहार;
- यौन उत्पीड़न – किसी बच्चे/युवा व्यक्ति के विरुद्ध या उनकी उपस्थिति में;
- मनोवैज्ञानिक/भावनात्मक नुकसान;
- अवहेलना – बच्चे को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखने के दायित्व को पूरा न करना; और
- पारिवारिक हिंसा - किसी बच्चे/युवा व्यक्ति के विरुद्ध, साथ या उनकी उपस्थिति में;

किसी बच्चे या युवा व्यक्ति और/या उसके परिवार या देखभालकर्ताओं के साथ किया जाने वाला ऐसा व्यवहार जिसके लिए यह माना जाए कि वह इस उद्देश्य से किया जा रहा है ताकि आगे चलकर उस बच्चे या युवा व्यक्ति को यौन क्रिया के लिए तैयार किया जा सके, उसके लिए भी सम्भवत: आपराधिक दण्ड दिए जा सकते हैं।

बच्चों और युवा लोगों को हर समय सुरक्षित महसूस करने और सुरक्षित होने का अधिकार है।

समुदाय के सदस्य के तौर पर मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

बच्चों और युवा लोगों को सुरक्षित रखने में समुदाय के सभी सदस्यों की भूमिका है।

समुदाय के एक सदस्य के तौर पर आपको हमेशा अपने मत प्रकट करने चाहिए और सम्भवत: घटित होने वाले किसी भी प्रकार के बाल दुर्व्यवहार से जुड़ी चिंताओं या संदेहों की सूचना देनी चाहिए।

विक्टोरिया में कानून यह आवश्यक बनाता है कि जिन वयस्कों को यथोचित तौर पर यह लगता हो कि किसी वयस्क ने किसी बच्चे (16 साल से कम आयु वाले व्यक्ति) के साथ यौन अपराध किया है, तो वह इसकी सूचना विक्टोरिया पुलिस को दे। यथोचित विचार का प्रकटीकरण करने में असफल रहने के लिए आपराधिक दण्ड दिया जा सकता है। पिछले भाग में संगठन के संपर्क विवरण देखें।

आपातकालीन स्थितियाँ

यदि आप कोई दुर्घटना होती देख रहे/रही हैं या आपको लगता है कि कोई बच्चा या युवा व्यक्ति तात्कालिक खतरे में है:

तात्कालिक पुलिस और चिकित्सीय सहायता के लिए 000 पर फोन करें।

अन्य चिंताएँ

यदि आप किसी बच्चे या युवा व्यक्ति के कल्याण को लेकर चिंतित हैं परन्तु आपको यह नहीं लगता है कि उनके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, जैसे ऐसे आचरण जो उन्हें खतरे में डालते हों इत्यादि, तो आप पिछले भाग में सूचीबद्ध किसी भी संगठन से संपर्क कर सकते/सकती हैं।

यदि आपको लगता है कि किसी बच्चे या युवा व्यक्ति को तात्कालिक खतरा है, तो तात्कालिक पुलिस या चिकित्सीय सहायता के लिए 000 पर फोन करें।

मैं सहायता कहाँ से प्राप्त कर सकता/सकती हूँ?

यदि आपको लगता है कि किसी बच्चे या युवा व्यक्ति को तात्कालिक खतरा है, तो पुलिस को 000 (ट्रिपल ज़ीरो) पर फोन करें।

कृपया ध्यान दें: संपर्क्य विवरण प्रकाशन के समय 'अप्रैल 2023' तक सही थे।

24 घंटे की आपातकालीन और संकटकालीन सेवाएँ		
विक्टोरिया पुलिस	000 131 444 (गैर तात्कालिक अपराध और घटनाएँ)	www.police.vic.gov.au
चाइल्ड प्रोटेक्शन – DHHS बाल दुर्व्यवहार की सूचना देना	13 12 78	https://services.dffh.vic.gov.au/reporting-child-abuse
Caulfield पुलिस स्टेशन (24 घंटे)	9524 9500	www.police.vic.gov.au
1800 Respect राष्ट्रीय यौन उत्पीड़न, घरेलू एवं पारिवारिक हिंसा सलाह सेवा	1800 737 732	www.1800respect.org.au
Kids हेल्पलाइन पांच से 25 साल तक के युवा लोगों के लिए 24/7 फोन पर और ऑनलाइन रुप से नि:शुल्क, गोपनीय और निजी परामर्शी सेवा	1800 551 800	www.kidshelpline.com.au
Lifeline 24 घंटे की संकटकालीन समर्थन और आत्म-हत्या रोकथाम सेवाएँ	13 11 44	www.lifeline.org.au
South Eastern CASA यौन उत्पीड़न और पारिवारिक हिंसा के पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए समर्थन सेवाएँ	03 9928 8741 1800 806 292	www.secasa.org.au
समर्थन एवं सूचना सेवाएँ		
The Orange Door बच्चों/युवा लोगों की देखभाल तथा पारिवारिक हिंसा के लिए अतिरिक्त समर्थन	1800 319 353	www.orangedoor.vic.gov.au
चाइल्ड प्रोटेक्शन — DHHS दक्षिणी प्रभाग बाल दुर्व्यवहार की सूचना देना	1300 655 795 (कार्यकारी घंटे)	https://services.dffh.vic.gov.au/reporting-child-abuse

City of GLEN EIRA
GLEN EIRA CITY COUNCIL

Bentleigh, Bentleigh East, Brighton East, Carnegie, Caulfield, Elsternwick, Gardenvale, Glen Huntly, McKinnon, Murrumbeena, Ormond, St Kilda East